# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 02 | अंक - 18 | बिजौलिया - गुरुवार,13 अगस्त,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4 | WWW.BHILWARAFOCUS.COM


## लोकतंत्र सेनानियों के संघर्ष से लोकतंत्र की नींव मजबूत हुई: मुख्यमंत्री शर्मा

### बोले- आपातकाल में लोकतंत्र की रक्षा के लिए सेनानियों ने झेली कठिनाइयां, युवा पीढ़ी को उनके त्याग से प्रेरणा लेने की जरूरत

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि आपातकाल के दौरान लोकतंत्र की रक्षा के लिए लोकतंत्र सेनानियों ने जो संघर्ष किया, वह लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा की ऐतिहासिक गाथा है। उनका त्याग, संघर्ष और समर्पण आज भी नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत है। लोकतंत्र सेनानियों को अपने अनुभवों के माध्यम से समाज और युवाओं को लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति जागरूक करने की दिशा में काम करना चाहिए।





मुख्यमंत्री बुधवार को मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित लोकतंत्र सेनानियों के सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देश की आजादी कई पीढ़ियों के बलिदान और संघर्ष के बाद मिली। इसी तरह आपातकाल के दौरान लोकतंत्र सेनानियों ने कठिन परिस्थितियों का सामना करते हुए राष्ट्रहित में लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष किया। उनके त्याग और संघर्ष से राष्ट्रवाद की भावना मजबूत होकर एक स्थायी शक्ति के रूप में विकसित हुई।

**युवाओं को बताएं लोकतंत्र की कीमत**

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी को यह जानना जरूरी है कि उसे सहज रूप से मिला लोकतांत्रिक अधिकार अनेक लोगों के संघर्ष और बलिदान का परिणाम है। लोकतंत्र सेनानियों के अनुभव युवाओं को लोकतांत्रिक व्यवस्था के महत्व को समझने और उसकी रक्षा के लिए प्रेरित कर सकते हैं। उन्होंने प्रत्येक लोकतंत्र सेनानी से अपने जीवन के अनुभवों और आपातकाल के दौर के संघर्ष को लिखित रूप में दर्ज करने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार भी लोकतंत्र सेनानियों के योगदान को संरक्षित करेगी, ताकि आने वाली पीढ़ियां उनके संघर्ष और त्याग से परिचित हो सकें।

2014 के बाद देश ने तेजी से की प्रगति

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2014 से देश तेजी से आगे बढ़ रहा है। अर्थव्यवस्था मजबूत हो रही है, गरीबों के लिए कल्याणकारी एवं विकास योजनाओं का विस्तार हुआ है और वैश्विक स्तर पर भारत का प्रभाव बढ़ा है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र सेनानियों ने जिस राष्ट्र निर्माण का सपना देखा था, वह आज प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में साकार हो रहा है।

**राष्ट्रहित के मुद्दों पर समाज से संवाद करें**

शर्मा ने लोकतंत्र सेनानियों से राष्ट्रहित जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर समाज के विभिन्न वर्गों से लगातार संवाद करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि इससे समाज में सकारात्मक वातावरण बनेगा और सुशासन, विकास तथा सामाजिक संवेदनशीलता को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की भावना मजबूत होगी।

उन्होंने कहा कि लोकतंत्र सेनानियों की पीढ़ी ने आपातकाल को न केवल देखा, बल्कि कठिन परिस्थितियों को सहन भी किया है। इसलिए उनके पास समाज और राष्ट्र को दिशा देने का व्यापक अनुभव है। राज्य को उनके अनुभवों का लाभ लेना चाहिए। समारोह में विधायक गोपाल शर्मा, पूर्व सांसद राजेंद्र गहलोत सहित बड़ी संख्या में लोकतंत्र सेनानी मौजूद रहे।

## घर में अकेली बुजुर्ग महिला की हत्या, जेवर लेकर भागे बदमाश

**चैनपुरा में वारदात से सनसनी; करीब आधा किलो चांदी और सोने के गहने गायब, पुलिस ने शुरू की जांच**



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

थाना क्षेत्र के चैनपुरा गांव में बुधवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब घर में अकेली रह रही 70 वर्षीय महिला मृत मिली। महिला के शरीर पर मिले हालात और घर से जेवर गायब होने के बाद पुलिस ने हत्या और लूट की आशंका के आधार पर जांच शुरू कर दी है। वारदात की जानकारी सामने आते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जमा हो गए। मृतका की पहचान सीता देवी रेगर के रूप में हुई है। बताया गया कि वह पाबूजी मंदिर के पास स्थित अपने मकान में अकेली रहती थीं। उनका बेटा अहमदाबाद में मजदूरी करता है, जबकि चार बेटियों की शादी हो चुकी है और वे अपने-अपने ससुराल में रहती हैं।

**दूध के लिए आवाज लगाई, नहीं मिला जवाब**

बुधवार सुबह करीब 7 बजे पड़ोस में रहने वाले पोते कैलाश रेगर ने दूध के लिए सीता देवी को आवाज लगाई। काफी देर तक कोई प्रतिक्रिया नहीं मिलने पर परिजनों को संदेह हुआ। मकान का मुख्य दरवाजा अंदर से बंद था। इसके बाद परिजन छत के रास्ते घर में दाखिल हुए तो अंदर महिला मृत अवस्था में मिली।

**जेवर गायब मिलने से लूट की आशंका**


मकान की तलाशी के दौरान महिला के पास रखे जेवर नहीं मिले। प्रारंभिक जानकारी में करीब आधा किलो चांदी के आभूषण और सोने की मंडली सहित अन्य जेवर गायब बताए जा रहे हैं। पुलिस फिलहाल इस बात की जांच कर रही है कि बदमाशों ने पहले लूट की और उसके बाद महिला की हत्या की या वारदात के पीछे कोई अन्य वजह थी।

**ब्यावर से भी पहुंची टीम, ष्टष्टञ्जङ्क खंगाल रही पुलिस**

सूचना मिलने पर बदनोर थाना प्रभारी शंभूदयाल मीणा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य जुटाए। मामले की गंभीरता को देखते हुए ब्यावर से विशेष टीम भी मौके पर बुलाई गई है। पुलिस गांव और आसपास के क्षेत्र में लगे CCTV कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। साथ ही संदिग्ध लोगों से पूछताछ और वारदात से जुड़े अन्य सुराग जुटाए जा रहे हैं। फिलहाल आरोपी पुलिस की पकड़ से बाहर हैं और जांच जारी है।

## तेज बारिश में भीलवाड़ा हुआ जलमग्न, खुली जल निकासी व्यवस्था की पोल

### अंडरपास बने तालाब, सड़क-नाले का फर्क मिटा; वाहन बंद होने से लोग परेशान, हर साल जलभराव के बावजूद स्थायी समाधान नहीं







**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

(पुनित चपलोत)। शहर में बुधवार को हुई तेज बारिश ने जल निकासी व्यवस्था की हकीकत सामने ला दी। कुछ देर की बारिश में ही प्रमुख सड़कें जलमग्न हो गईं और कई अंडरपास तालाब में तब्दील हो गए। जलभराव के कारण दोपहिया वाहन, ऑटो और कारें बीच रास्ते में बंद हो गईं। कई जगह लोगों को रास्ता बदलकर निकलना पड़ा।

शहर के कई इलाकों में सड़क और नाले का अंतर तक नजर नहीं आया। अंडरपास में पानी भरने से यातायात प्रभावित हुआ। पानी में सड़क के गड्ढे दिखाई नहीं देने से हादसे का खतरा भी बना रहा।

**अंडरपास में बंद हुआ ऑटो, सवारी भी फंसी**

ऑटो चालक अमजद मंसूरी ने बताया कि शाम करीब 4 बजे कावाखेड़ा से सवारी लेकर सुभाषनगर जा रहे थे। अंडरपास में पानी इतना भर गया कि सवारी सहित ऑटो बीच रास्ते में बंद हो गया। उनका कहना है कि हर बारिश में यहां जलभराव होता है। शिकायतों के बावजूद स्थायी समाधान नहीं हो पाया। चंद्रशेखर पुलिया सहित शहर के कई पुलिया और अंडरपास बारिश के दौरान जलभराव के संवेदनशील क्षेत्र बन चुके हैं। ऐसे में वाहन चालकों को पानी के बीच से गुजरने में परेशानी का सामना करना पड़ता है।

**मानसून से पहले तैयारियों पर उठे सवाल**

बारिश के बाद नगर निगम और प्रशासन की जल निकासी व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं। नालों की सफाई और जल निकासी व्यवस्था दुरुस्त करने के दावों के बावजूद तेज बारिश के बाद जलभराव की स्थिति सामने आई। शहरवासियों का कहना है कि यदि संवेदनशील स्थानों की पहले से पहचान है तो वहां स्थायी जल निकासी के इंतजाम क्यों नहीं किए जाते? हर बार बारिश के बाद पंप लगाकर पानी निकालना समस्या का स्थायी समाधान नहीं है।

**पंप लगाकर पानी निकाला, लेकिन स्थायी समाधान कब?**

नगर निगम अधिकारियों के अनुसार जलभराव वाले स्थानों पर पंप लगाकर पानी की निकासी कराई जा रही है। शहरवासियों की मांग है कि तात्कालिक राहत के बजाय जलभराव वाले स्थानों का स्थायी समाधान किया जाए, ताकि हर तेज बारिश में सड़कें तालाब और अंडरपास परेशानी का कारण न बनें।

## डोडा चूरा तस्करी में दो तस्करों को 10-10 साल की सजा, दोनों पर 1-1 लाख रुपए का जुर्माना, एनडीपीएस कोर्ट का फैसला



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

**पुनित चपलोत**

अवैध अफीम डोडा चूरा तस्करी के मामले में भीलवाड़ा एनडीपीएस अदालत ने बड़ा फैसला सुनाते हुए चित्तौड़गढ़ जिले के दो तस्करों को दोषी करार दिया है। अदालत ने दोनों अभियुक्तों को 10-10 वर्ष के कठोर कारावास और 1-1 लाख रुपए के अर्थदंड की सजा सुनाई।

सजा पाने वालों में गोविन्द कुमार पुत्र उदयलाल धाकड़ निवासी गोपालपुरा, थाना बेगूं और मनोज हजूरी पुत्र कन्हैयालाल हजूरी निवासी धारला, थाना बेगूं, चित्तौड़गढ़ शामिल हैं।

मामला 29 सितंबर 2021 का है। तत्कालीन बीगोद थानाधिकारी को मुखबिर से सूचना मिली थी कि लाडपुरा की ओर से आ रही एक मारुति कार में अवैध अफीम डोडा चूरा भरा हुआ है। सूचना के आधार पर पुलिस ने त्रिवेणी चौराहे पर नाकाबंदी की। कुछ देर बाद मुखबिर के बताए हुलिए के अनुसार कार आती दिखाई दी, जिसे पुलिस ने रुकवाकर तलाशी ली।

तलाशी के दौरान कार से 5 प्लास्टिक के कट्टे बरामद हुए, जिनमें कुल 94 किलो 140 ग्राम अफीम डोडा चूरा मिला। पुलिस ने मादक पदार्थ और कार जब्त कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया और उनके खिलाफ धारा 8/15 एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज किया।

अनुसंधान पूरा होने के बाद पुलिस ने दोनों के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र पेश किया। सुनवाई के दौरान विशिष्ट लोक अभियोजक रामस्वरूप गुर्जर ने अभियोजन पक्ष की ओर से अपराध साबित करने के लिए 9 गवाह और 71 दस्तावेजी साक्ष्य न्यायालय के समक्ष पेश किए।

दोनों पक्षों की बहस और साक्ष्यों का अवलोकन करने के बाद विशेष अदालत ने दोनों आरोपियों को दोषी माना और 10-10 साल के कठोर कारावास तथा 1-1 लाख रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई। अदालत के इस फैसले से अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ पुलिस कार्रवाई को भी मजबूती मिली है।

## रात की गश्त में बजरी से भरे दो ट्रैक्टर पकड़े

**एक चालक पुलिस को देखकर फरार, दूसरे को थाने लाया; खनिज विभाग को दी सूचना, अवैध बजरी कारोबारियों में हड़कंप**

**भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर ।**


अवैध बजरी खनन एवं परिवहन के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पंडेर पुलिस ने रात्रि गश्त के दौरान कार्रवाई करते हुए बजरी से भरे दो ट्रैक्टरों को डिटेन किया। दोनों ट्रैक्टरों को थाना परिसर में खड़ा करवाया गया है। थानाधिकारी शिम्भुदयाल मीणा ने बताया कि अवैध बजरी परिवहन की रोकथाम के लिए पुलिस टीम लगातार रात्रि गश्त कर रही है। इसी दौरान जागोलाई रोड पर बजरी से भरे दो ट्रैक्टर दिखाई दिए। पुलिस ने दोनों को रुकवाकर जांच की तो ट्रैक्टरों में बजरी भरी मिली। इस पर दोनों वाहनों को डिटेन कर थाने लाया गया। कार्रवाई के दौरान एक ट्रैक्टर चालक पुलिस को देखकर मौके से फरार हो गया, जबकि दूसरे चालक को पुलिस टीम थाने लेकर पहुंची। पुलिस दोनों वाहनों के संबंध में आवश्यक जानकारी जुटा रही है। थानाधिकारी ने बताया कि दोनों ट्रैक्टरों की कार्रवाई के संबंध में खनिज विभाग भीलवाड़ा को सूचना दी गई है। अब खनिज विभाग की ओर से नियमानुसार अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।




राधे कृष्णा हर्बल

मोरिंगा पाउडर एवं कैप्सूल

30, माणक नगरी बून्दी रोड़ बिजोलिया MO.8426904895




भीलवाड़ा। तेज बारिश के बाद जोगणिया माता मंदिर में बहा पानी, मनमोहक दृश्य ने श्रद्धालुओं का मन मोहा

# दयानंद के 'स्वराज मंत्र' पर विधायक बैरवा की हुंकार

**राष्ट्रचिंतन और स्वतंत्रता आंदोलन की वैचारिक नींव पर अजमेर में राष्ट्रीय संगोष्ठी, नई पीढ़ी तक पहुंचाने का आह्वान**

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा

**(मूलचंद पेसवानी)।** महर्षि दयानंद सरस्वती के विचारों को राष्ट्र निर्माण और स्वतंत्रता चेतना की वैचारिक नींव से जोड़ते हुए शाहपुरा विधायक डॉ. लालाराम बैरवा ने कहा कि दयानंद का चिंतन केवल धर्म और समाज सुधार तक सीमित नहीं था। उन्होंने भारतीय समाज में आत्मसम्मान, स्वदेशी और स्वराज की भावना जगाने का काम किया। उनके राष्ट्रचिंतन को नई पीढ़ी तक पहुंचाना जरूरी है। महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर में 'महर्षि दयानंद सरस्वती का राष्ट्र चिंतन और स्वतंत्रता आंदोलन की वैचारिक पृष्ठभूमि निर्माण में योगदान' विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित हुई। इसमें विधायक डॉ. बैरवा विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए।



**युवाओं को विचारों से जोड़ने पर जोर**

डॉ. बैरवा ने कहा कि महर्षि दयानंद ने अंधविश्वास और सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ आवाज उठाने के साथ भारतीयों में आत्मसम्मान और राष्ट्र चेतना का भाव पैदा किया। उनके विचारों में स्वदेशी, स्वधर्म और स्वराज की स्पष्ट झलक दिखाई देती है, जिसने आगे चलकर स्वतंत्रता आंदोलन के लिए वैचारिक आधार तैयार किया।

उन्होंने शोधार्थियों और युवाओं से महर्षि दयानंद के विचारों का गहन अध्ययन करने और उन्हें वर्तमान संदर्भ में समाज तक पहुंचाने का आह्वान किया।

**विद्वानों ने रखे विचार**

संगोष्ठी की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सुरेश कुमार अग्रवाल ने की। पूर्व विधायक पुष्कर डॉ. गोपाल बहेती मुख्य वक्ता रहे। आचार्य अंकित प्रभाकर ने भी विचार रखे। महर्षि दयानंद शोध पीठ की निदेशक प्रो. ऋतु माथुर ने उनके राष्ट्रचिंतन और स्वतंत्रता आंदोलन की वैचारिक पृष्ठभूमि में योगदान पर प्रकाश डाला।

# किशोर स्वास्थ्य दिवस पर युवाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य व कौशल विकास की जानकारी

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

अंतरराष्ट्रीय किशोर युवा दिवस के उपलक्ष्य में जिला चिकित्सालय शाहपुरा की ओर से 11 से 13 अगस्त तक तीन दिवसीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। पीएमओ डॉ. अशोक जैन के निर्देश पर मंगलवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में निःशुल्क हीमोग्लोबिन जांच शिविर लगाया गया।

बुधवार को आदर्श विद्या मंदिर में कक्षा 9वीं और 11वीं के विद्यार्थियों को जिला चिकित्सालय के उजाला केंद्र में किशोर-किशोरियों को मिलने वाली निःशुल्क परामर्श सुविधाओं की जानकारी दी गई। इस दौरान स्वास्थ्य जागरूकता को लेकर प्रश्नोत्तरी भी आयोजित की गई।



विद्यार्थियों को एनीमिया, स्वच्छता, पोषण, मानसिक स्वास्थ्य, सोशल मीडिया के दुरुपयोग से होने वाले तनाव, एचपीवी वैक्सीन के फायदे और मौसमी बीमारियों से बचाव की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में परामर्शदाता नर्सिंग ऑफिसर सुभद्रा मंजूल शर्मा, एलएचवी गीता रेगर, हीरा बानू कायमखानी, संजू वर्मा, शर्मिला और अंजली खटीक सहित स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सहयोग किया।

# सवाईपुर में तेज हवा के साथ झमाझम बारिश, बनास-कोठारी में बढ़ी पानी की आवक



भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर

**(सांवर वैष्णव)।** सवाईपुर कस्बे सहित आसपास के गांवों में बुधवार को दिनभर रुक-रुककर बारिश का दौर चला। शाम को तेज हवा के साथ करीब आधे घंटे तक झमाझम बारिश हुई, जिससे सड़कों और खेतों में पानी भर गया। आकाशीय बिजली की चमक और मेघ गर्जना के बीच हुई बारिश से मौसम सुहावना हो गया। तेज हवा के कारण दुकानों के बाहर लगे कुछ होर्डिंग भी गिर गए।

सवाईपुर के पटवार भवन, सोपुरा मार्ग और पुलिस चौकी क्षेत्र में जलभराव की स्थिति रही। मंगलवार शाम हुई तेज बारिश से भी खेतों में पानी भर गया था और गांवों की सड़कों पर पानी बह निकला।

क्षेत्र में पिछले 24 घंटे में करीब 2 इंच बारिश दर्ज की गई। बारिश के चलते बनास और कोठारी नदी सहित क्षेत्र के अन्य जलाशयों में पानी की आवक बढ़ी है।

बारिश के बाद चाय की थड़ियों और गर्म व्यंजनों की दुकानों पर लोगों की भीड़ नजर आई। ग्रामीणों ने भी मौसम का आनंद लिया और घरों में गर्म व्यंजन बनाए।

# हरियाली अमावस्या पर मंदाकिनी महाकाल मंदिर में सजी बाबा बर्फानी की दिव्य झांकी

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।

हरियाली अमावस्या के अवसर पर मंदाकिनी महाकाल महादेव मंदिर में बाबा बर्फानी अमरनाथ की भव्य एवं दिव्य झांकी सजाई गई। झांकी के दर्शन के लिए शाम 6 बजे से अर्धरात्रि तक श्रद्धालुओं का मंदिर पहुंचने का सिलसिला जारी रहा।



कोटा के भक्तजनों की ओर से तैयार की गई इस झांकी में बाबा बर्फानी के अमरनाथ स्वरूप को आकर्षक तरीके से सजाया गया। दिव्य झांकी के दर्शन कर श्रद्धालुओं ने भगवान महाकाल का आशीर्वाद लिया और पूजा-अर्चना की।

हरियाली अमावस्या के अवसर पर मंदिर परिसर में भक्तिमय माहौल बना रहा। श्रद्धालुओं ने बाबा मंदाकिनी महाकाल महादेव के दर्शन कर सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना की। आयोजकों ने श्रद्धालुओं के लिए दर्शन की विशेष व्यवस्था की।

# कर्मों का पलड़ा भारी तो बदल जाती है जिंदगी : पुलकसागर महाराज

**चातुर्मास आत्मनिरीक्षण और संयम की साधना का पर्व; 15 अगस्त से चित्रकूटधाम में होगा ज्ञान गंगा महोत्सव**

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

**(मूलचंद पेसवानी)।** राष्ट्र संत मनोज्ञाचार्य पुलकसागरजी महाराज ने कहा कि जीवन में हमारे कर्म ही तय करते हैं कि पाप और पुण्य में से किसका पलड़ा भारी रहेगा। जिन लोगों का समय जिनवाणी सुनने और आत्मचिंतन में बीतता है, उनके जीवन में पुण्य प्रबल होता है। वहीं केवल मौज-मस्ती में समय बिताने वालों के जीवन में पाप का पलड़ा भारी होने से प्रतिकूलताएं बढ़ती जाती हैं। भीलवाड़ा में पहली बार हो रहे पुलकसागरजी महाराज के चातुर्मास के दौरान बुधवार को शास्त्रीनगर स्थित सूर्यमहल में धर्मसभा हुई। श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर ट्रस्ट, मैन सेक्टर शास्त्रीनगर के तत्वावधान में आयोजित सभा में आचार्यश्री ने जीवन, कर्म और आत्मकल्याण पर श्रद्धालुओं को संबोधित किया।

आचार्यश्री ने कहा कि चातुर्मास केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि आत्मनिरीक्षण और संयम की साधना का पर्व है। मनुष्य के कर्म ही तय करते हैं कि वह भगवान बनने की दिशा में आगे बढ़ेगा या अधोगति की ओर जाएगा। कषाय को जीतने के लिए व्यक्ति को अपने वास्तविक स्वभाव में लौटना होगा। क्रोध, मान, माया और लोभ जैसे विकार व्यक्ति को भीतर से कमजोर करते हैं।





उन्होंने कहा कि मोक्ष की आकांक्षा रखने वाले व्यक्ति को आत्मकल्याण के मार्ग पर आगे बढ़ना चाहिए। जीवन की सार्थकता केवल बाहरी उपलब्धियों में नहीं, बल्कि आत्मिक उन्नति में है।

**15 से 30 अगस्त तक ज्ञान गंगा महोत्सव**

आचार्यश्री ने श्रद्धालुओं से 15 से 30 अगस्त तक चित्रकूटधाम में आयोजित होने वाले ज्ञान गंगा महोत्सव में शामिल होने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि महोत्सव में दुनिया को बदलने के बजाय स्वयं को बदलने का प्रयास करना चाहिए। महोत्सव में चिंतन, परिवर्तन और जीवन को नई दिशा देने वाले प्रवचन होंगे।

समिति अध्यक्ष प्रवीण चौधरी ने बताया कि महोत्सव का शुभारंभ 15 अगस्त को दोपहर 2 बजे होगा। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत संदेश के साथ सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी होंगी। 16 से 30 अगस्त तक प्रतिदिन सुबह 8.30 से 10 बजे तक प्रवचन होंगे। 19 अगस्त को मोक्ष सप्तमी और 28 अगस्त को रक्षाबंधन के अवसर पर विशेष आयोजन होंगे।

**हेलिकॉप्टर से पहुंचे अशोक पाटनी**

आचार्यश्री के दर्शन और धर्म चर्चा के लिए जैन समाज के प्रमुख भामाशाह अशोक पाटनी पत्नी सुशीला पाटनी के साथ निजी हेलिकॉप्टर से बुधवार दोपहर भीलवाड़ा पहुंचे। चातुर्मास समिति के पदाधिकारियों और समाज के लोगों ने उनका स्वागत किया। पाटनी दंपती ने आचार्यश्री के दर्शन कर धर्म चर्चा की और आशीर्वाद लिया। उन्होंने चातुर्मास समिति की व्यवस्थाओं की सराहना की।

**तेरापंथ समाज ने दिया मंगल प्रवचन का निमंत्रण**

तेरापंथ संघ भीलवाड़ा के अध्यक्ष अशोक सिंघवी कमेटी सदस्यों और महिला मंडल के साथ आचार्यश्री के दर्शन करने पहुंचे। उन्होंने श्रीफल भेंट कर तेरापंथ भवन में मंगल प्रवचन के लिए आचार्यश्री से निवेदन किया।

**सूर्यमहल में रोज जुट रहे श्रद्धालु**

चातुर्मास समिति के संयोजक मनीष शाह ने बताया कि ज्ञान गंगा महोत्सव में भीलवाड़ा सहित राजस्थान और देश के विभिन्न क्षेत्रों से श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। वहीं सह संयोजक लोकेश अजमेरा ने बताया कि सूर्यमहल में प्रतिदिन सुबह 8.30 से 10 बजे तक गुरु दर्शन एवं धर्म संदेश तथा शाम 7 से 8 बजे तक आनंद यात्रा और आरती का आयोजन हो रहा है। इनमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन, पाद प्रक्षालन और शास्त्र भेंट के साथ हुई। इसका सौभाग्य भागचंद, शशिकला, अनिल और अभिषेक अजमेरा परिवार, बसंत विहार को प्राप्त हुआ।

# शक्करगढ़ में 14 अगस्त से शुरू होगा 16वां निःशुल्क रामदेव भंडारा




भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़

कस्बे में मेज नदी के किनारे जोजर चौराहे पर 16वां निःशुल्क रामदेव भंडारे का आयोजन किया जाएगा

महावीर प्रसाद टेलर ने बताया कि भंडारे का शुभारंभ 14 अगस्त शुक्रवार को प्रातः 8:15 बजे अमर ज्ञान निरंजनी आश्रम एवं संकट मोचन आदर्श गोशाला के संस्थापक महामंडलेश्वर स्वामी जगदीशपुरी जी महाराज के सानिध्य एवं दीप प्रज्वलन के साथ होगा।

भंडारा 14 अगस्त से 14 सितंबर तक एक माह चलेगा। रामदेवरा जाने वाले यात्रियों एवं श्रद्धालुओं के लिए ग्रामीणों तथा रामदेव सेवा समिति शक्करगढ़ की ओर से निःशुल्क चाय-पानी, भोजन एवं रात्रि विश्राम की व्यवस्था की जाएगी। समिति के सदस्यों ने बताया कि हर वर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंचते हैं और भंडारे में सेवा का लाभ लेते हैं। आयोजन को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

# पीएम श्री विद्यालय आसींद में विज्ञान मेले का आयोजन

**छात्रों ने मॉडल व क्विज में दिखाई प्रतिभा, विजेताओं को किया सम्मानित**




भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

पीएम श्री विद्यालय आसींद में छात्रों में वैज्ञानिक सोच और रचनात्मकता बढ़ाने के उद्देश्य से विज्ञान मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्रधानाचार्य विजय कुमार व्यास की अध्यक्षता में हुआ। मुख्य संयोजक व्याख्याता मूलचंद रायका रहे।

मेले में विज्ञान क्विज, मॉडल और पोस्टर प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। विद्यार्थियों ने ग्लोबल वार्मिंग, सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, विद्युत चालकता और हाइड्रोलिक ब्रिज सहित विभिन्न विषयों पर आकर्षक मॉडल प्रस्तुत किए। निर्णायक दल ने मॉडलों और प्रस्तुतियों का मूल्यांकन कर प्रथम तीन स्थानों पर रहे विद्यार्थियों का चयन किया।

प्रधानाचार्य विजय कुमार व्यास ने विजेताओं को पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, जिज्ञासा और रचनात्मकता का विकास होता है। आयोजन में विद्यालय के शिक्षक एवं समस्त स्टाफ का सहयोग रहा।



QUICK BITES

## आनंद ऋषि जन्म जयंती पर एकासन दिवस आज

भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी



**राजेन्द्र बबलू पोखरना**

मेवाड़ गौरव, प्रखर वक्ता पूज्य श्री रवीन्द्र मुनि जी मसा 'नीरज' के सानिध्य में आचार्य सम्राट पूज्य श्री आनंद ऋषि जी मसा की 126वीं जन्म जयंती के अवसर पर गुरुवार को एकासन दिवस मनाया जाएगा। इसको लेकर जैन समाज में विशेष उत्साह है। श्रावक-श्राविकाएं एकासन तप कर गुरु के प्रति श्रद्धा एवं सद्भावना व्यक्त करेंगे। एक दिन पूर्व बुधवार को शीतल भवन में आयोजित प्रवचन में पूज्य श्री रवीन्द्र मुनि जी मसा ने गुरु महिमा, तप और आत्मकल्याण पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरु का जीवन साधना, संयम और त्याग की प्रेरणा देता है। गुरु के प्रति सच्ची श्रद्धा केवल शब्दों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए बल्कि उनके बताए मार्ग पर चलकर जीवन में तप, संयम और सदाचार को अपनाना ही वास्तविक गुरु भक्ति है। उन्होंने कहा कि तप शरीर को कष्ट देने का माध्यम नहीं, बल्कि आत्मा को शुद्ध करने और मन को संयमित करने का साधन है। उन्होंने आचार्य सम्राट श्री आनंद ऋषि जी मसा के जीवन से प्रेरणा लेते हुए अधिक से अधिक श्रावक-श्राविकाओं से एकासन तप में सहभागी बनने का आह्वान किया। प्रवचन के दौरान उपस्थित श्रद्धालुओं ने गुरु भक्ति एवं तप का संकल्प लिया। श्री वर्द्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ के अध्यक्ष निर्मल लोढा एवं श्री शीतल वेणी मोहन वर्षावास समिति के अध्यक्ष शान्ति लाल पोखरना की ओर से समाजजनों से अधिक से अधिक संख्या में एकासन करने की अपील की गई है।

## शिवनगर में कीचड़ से परेशान लोग, बारिश में कच्ची सड़कें बनी दलदल, पैदल चलना भी मुश्किल

भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर ।



पंडेर कस्बे की शिवनगर बस्ती में सड़क निर्माण और मूलभूत सुविधाओं के अभाव में बस्तीवासियों की परेशानी बढ़ गई है। बारिश के दिनों में स्थिति और गंभीर हो जाती है। कच्ची सड़कों पर बारिश का पानी जमा होने से रास्ते कीचड़ में तब्दील हो गए हैं। इससे पैदल राहगीरों के साथ दोपहिया वाहन चालकों को भी आवाजाही में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

बस्तीवासियों का कहना है कि शिवनगर में सड़क निर्माण सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं को लेकर प्रशासन और संबंधित विभाग के अधिकारियों को कई बार अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक समस्या का स्थायी समाधान नहीं हुआ। बारिश के दौरान घरों से बाहर निकलना भी मुश्किल हो जाता है। कीचड़ के कारण फिसलने का खतरा बना रहता है, जिससे बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को सबसे अधिक परेशानी होती है।

**नाली और जल निकासी की भी जरूरत**

स्थानीय लोगों के अनुसार बस्ती में सड़क के साथ नाली और जल निकासी की उचित व्यवस्था भी नहीं है। बारिश का पानी निकासी के अभाव में रास्तों पर ही जमा रहता है। इससे कीचड़ और गंदगी की स्थिति बनी रहती है।

बस्तीवासियों ने प्रशासन से जल्द सड़क निर्माण कराने के साथ नाली और जल निकासी की व्यवस्था करने की मांग की है। लोगों ने संबंधित अधिकारियों से मौके का निरीक्षण कर समस्या का स्थायी समाधान कराने की मांग की।






# निकाय एवं पंचायत चुनाव को तैयारियों को लेकर भाजपा की अहम बैठक आयोजित

## निकाय चुनावों में त्रिस्तरीय प्रभारियों की नियुक्ति कर चुनाव प्रबंधन को करेंगे चाक चौबंद - अरुण चतुर्वेदी





भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

राज्य में आगामी निकाय एवं पंचायत राज चुनावों की तैयारियों को लेकर भाजपा जिला कार्यालय पर एक अहम संगठनात्मक बैठक अजमेर संभाग चुनाव प्रभारी तथा राज्य वित्त आयोग अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी के मुख्य आतिथ्य, सह प्रभारी पूर्व मंत्री लालचंद कटारिया, पूर्व सांसद देवजी पटेल के विशिष्ट आतिथ्य एवं जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिला सह प्रभारी मिट्ठूलाल जाट, विधायक उदयलाल भडाना, जब्बरसिंह सांखला, लालाराम बैरवा, पूर्व मंत्री कालूलाल गुर्जर, पूर्व विधायक विट्ठलशंकर अवस्थी, बालुलाल चौधरी, बद्रीप्रसाद गुरुजी, पूर्व महापौर राकेश पाठक भी मंचासीन रहे।

जिला प्रवक्ता अंकुर बोरदिया ने बताया कि बैठक में संभाग प्रभारी अरुण चतुर्वेदी ने आगामी निकाय व पंचायत चुनावों के लिए सांगठनिक संरचना को मजबूत करने पर बल दिया। उन्होंने बताया कि प्रत्येक जिला, निकाय और वार्ड स्तर पर प्रभारियों की नियुक्ति कर चुनाव प्रबंधन को चाक-चौबंद किया जा रहा है, ताकि हर बूथ पर जीत हासिल की जा सके। बूथ जीता तो चुनाव जीता का मंत्र देते हुए उन्होंने पदाधिकारियों से अपने अपने वार्ड में कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने का आह्वान करते हुए सघन जनसंपर्क के साथ केंद्र एवं राज्य सरकार की उपलब्धियों और योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने यह भी कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता के कार्य का आंकलन संगठन स्तर पर किया जा रहा है। उन्होंने समाज के प्रत्येक वर्ग को संगठन की गतिविधियों से जोड़ने की बात भी कही।

जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने इस अवसर पर विश्वास जताया कि विधानसभा और लोकसभा चुनावों के बाद अब निकाय और पंचायतराज चुनावों में भी जिले को कांग्रेस मुक्त करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। इस अवसर पर जिला महामंत्री अविनाश जीनगर, कन्हैयालाल जाट, प्रहलाद त्रिपाठी सहित अनेक जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# हरियाली अमावस्या पर श्री चारभुजानाथ धाम में उमड़ा आस्था का सैलाब

## बारिश भी नहीं रोक पाई श्रद्धालुओं की आस्था, भेंट पात्र से 45.87 लाख से अधिक की राशि प्राप्त

भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी।

**राजेन्द्र बबलू पोखरना**

मेवाड़ की आस्था के प्रमुख केंद्र श्री चारभुजानाथ धाम, कोटड़ी में हरियाली अमावस्या के पावन अवसर पर बुधवार को श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। सुबह मंगला आरती के साथ मंदिर के पट खुलते ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। बारिश के बीच भी आसपास के ग्रामीण अंचलों सहित विभिन्न क्षेत्रों से हजारों श्रद्धालु भगवान श्री चारभुजानाथ के दर्शन, पूजा-अर्चना और मनोकामना पूर्ति के लिए मंदिर पहुंचे। दिनभर मंदिर परिसर और आसपास के बाजारों में श्रद्धालुओं की चहल-पहल बनी रही तथा पूरा वातावरण 'जय श्री चारभुजानाथ' के जयघोषों से गूंजता रहा।

**:- बरसात भी नहीं रोक पाई आस्था**

हरियाली अमावस्या पर हुई बारिश भी श्रद्धालुओं की आस्था को नहीं डिगा सकी। कई श्रद्धालु बारिश में भी पैदल यात्रा कर भगवान के दरबार में पहुंचे। श्रद्धालुओं ने धान, नारियल, प्रसाद एवं पूजन सामग्री अर्पित कर सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। अमावस्या के अवसर पर भगवान श्री चारभुजानाथ का विशेष अभिषेक एवं आकर्षक श्रृंगार किया गया। मनमोहक अलंकरण में विराजित ठाकुरजी के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं।

महाआरती के दौरान घंटानाद, शंखध्वनि और जयघोषों से मंदिर परिसर भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालु भगवान की भक्ति में सराबोर नजर आए।

**:- भक्तों ने खुलकर किया सहयोग**

अमावस्या पर मंदिर ट्रस्ट की ओर से खोले गए भेंट पात्रों में श्रद्धालुओं ने जमकर सहयोग किया। ट्रस्ट के अनुसार भेंट राशि की गणना में कुल




45 लाख 87 हजार 871 रुपए प्राप्त हुए। इसके अतिरिक्त श्रद्धालुओं ने 1 किलो 612 ग्राम चांदी एवं 3 ग्राम 220 मिलीग्राम सोना भी भगवान श्री चारभुजानाथ के चरणों में अर्पित किया। मंदिर ट्रस्ट की देखरेख में भेंट पात्र खोले गए और श्रद्धालुओं एवं गणमान्य नागरिकों की मौजूदगी में राशि की गणना की गई। भेंट राशि सामने आने के साथ ही मंदिर परिसर 'श्री चारभुजानाथ की जय' के जयघोषों से गूंज उठा। ट्रस्ट अध्यक्ष सुदर्शन गाड़ोदिया, सचिव श्याम सुंदर चेचानी एवं पदाधिकारियों ने श्रद्धालुओं और दानदाताओं का आभार जताते हुए कहा कि प्राप्त सहयोग राशि का उपयोग मंदिर विकास, धार्मिक आयोजनों एवं जनसेवा के कार्यों में किया जाएगा।श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए मंदिर ट्रस्ट, प्रशासन, पुलिस एवं स्वयंसेवकों की ओर से दर्शन व्यवस्था, सुरक्षा, पेयजल, छाया सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं की गईं। बारिश के बावजूद श्रद्धालुओं ने व्यवस्थित रूप से भगवान के दर्शन किए। हरियाली अमावस्या पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ का असर स्थानीय बाजारों में भी दिखाई दिया। प्रसाद, फूल-माला, पूजा सामग्री सहित अन्य दुकानों पर दिनभर अच्छी खरीदारी हुई। इससे बाजारों में विशेष चहल-पहल बनी रही।

# संत रविदास जी की 650वीं जयंती पर बीगोद में गूंजा सामाजिक समरसता का संदेश

## नंदराय चौराहे पर यात्रा रथ का अभिनंदन, बाबा रामदेव मंदिर में पूजा-अर्चना एवं गुरु रविदास मंदिर में कार्यक्रम





भीलवाड़ा फोकस @ बीगोद।

संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास महाराज जी की 650वीं पावन जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में केंद्र एवं प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा चलाए जा रहे 'समरसता संकल्प अभियान यात्रा' के तहत मांडलगढ़ विधानसभा क्षेत्र में यात्रा रथ के पहुंचने पर नंदराय चौराहे पर विधायक गोपाल खंडेलवाल ने रथ का अभिनंदन किया।

इसके पश्चात बीगोद स्थित बाबा रामदेव मंदिर में पूजा-अर्चना की तथा त्रिवेणी संगम स्थित ऐरवाल रैदास समाज के गुरु रविदास मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में सहभागिता की। इस दौरान विधायक खंडेलवाल ने संतों का आदर-सत्कार कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

विधायक गोपाल खंडेलवाल ने कहा कि संत रविदास जी का जीवन समानता, भाईचारे, मानवता एवं सामाजिक समरसता का संदेश देता है। उनका महान संदेश 'मन चंगा तो कठौती में गंगा' आज भी समाज को सद्भाव और आत्मशुद्धि की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि संत रविदास जी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने और सामाजिक समरसता को मजबूत करने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया जा रहा है।

कार्यक्रम में विधानसभा संयोजक अनिल पारीक, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष श्याम अहीर,रथ यात्रा विधानसभा प्रभारी यशोवर्धन सेन,मंडल संयोजक मोहन सिंह,सह संयोजक मुकेश बैरवा, श्याम लाल शर्मा,शक्ति केंद्र संयोजक राजकुमार आगाल, सिंगोली प्रशासक राकेश आर्य, बूथ अध्यक्ष हेमंत पहाड़िया, मोहित अग्रवाल, दिनेश सेन, निहाल सेन, गणेश पारीक, रूपेश सेन सहित भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता, समाजबंधु एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# गुरला से कारोई तक निकली तिरंगा यात्रा, देशभक्ति के नारों से गूंजा मार्ग

भीलवाड़ा फोकस @ गुरला।

स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में भाजपा कार्यकर्ताओं की ओर से गुरला से कारोई तक तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा में बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता शामिल हुए। इस दौरान देशभक्ति के नारों से माहौल गूंज उठा। यात्रा का शुभारंभ गुरला स्थित गोरा भैरव मंदिर से हुआ। कार्यकर्ताओं ने भारत माता के जयकारों के साथ तिरंगा यात्रा शुरू की। दुपहिया और चारपहिया वाहनों पर तिरंगा फहराते हुए कार्यकर्ता



कारोई की ओर रवाना हुए। रास्तेभर देशभक्ति गीत और भारत माता के जयकारे आकर्षण का केंद्र रहे। करीब पांच किलोमीटर की यात्रा के बाद कारोई बस स्टैंड पहुंचने पर भारत माता की आरती की गई। इसके बाद राष्ट्रगान के साथ यात्रा का समापन हुआ।

भाजपा मीडिया प्रभारी सत्यनारायण सेन ने बताया कि यात्रा का आयोजन कारोई मंडल अध्यक्ष शंभू लाल गुर्जर के नेतृत्व में किया गया। यात्रा के दौरान सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था के लिए आवश्यक इंतजाम किए गए। इस अवसर पर भाजपा मंडल के वरिष्ठ पदाधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# महात्मा गांधी चिकित्सालय में 22 नए डॉक्टरों की नियुक्ति

## विधायक कोठारी के प्रयासों से लंबे समय से रिक्त पदों पर हुई नियुक्तियां, मरीजों को मिलेगी बेहतर चिकित्सा सुविधा

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

राजकीय महात्मा गांधी चिकित्सालय में चिकित्सा व्यवस्थाओं को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए विधायक अशोक कुमार कोठारी के प्रयासों से विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सकों सहित कुल 22 नवीन डॉक्टरों की नियुक्तियां की गई हैं। लंबे समय से रिक्त चल रहे महत्वपूर्ण पदों पर हुई इन नियुक्तियों से अस्पताल की चिकित्सा सेवाओं को और मजबूती मिलेगी।

नवीन नियुक्तियों की सूची की सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इसमें लंबे समय से प्रतीक्षारत कार्डियक सर्जरी के दो विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति भी शामिल है। इसके अलावा गैस्ट्रोलॉजी, सर्जरी, जनरल सर्जरी, शिशु रोग, ऑर्थोपेडिक सर्जरी सहित विभिन्न महत्वपूर्ण चिकित्सा विशेषज्ञों में चिकित्सकों की नियुक्तियां की गई हैं। इन पदों के रिक्त रहने के कारण मरीजों को लंबे समय से विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाओं के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। अब नए चिकित्सकों की नियुक्ति से मरीजों को अस्पताल में ही समय पर विशेषज्ञ उपचार उपलब्ध हो सकेगा तथा उपचार के लिए लंबी कतारों और प्रतीक्षा से भी काफी हद तक राहत मिलने की उम्मीद है।

भीलवाड़ा विधायक अशोक कुमार कोठारी ने बताया कि इन नियुक्तियों से महात्मा गांधी चिकित्सालय की चिकित्सा व्यवस्था को नई मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि मरीजों को तत्काल एवं तत्परता से चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना प्राथमिकता है। विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता बढ़ने से मरीजों को इलाज के लिए अनावश्यक इंतजार नहीं करना पड़ेगा और अस्पताल में उपचार की सुविधाओं का विस्तार होगा।


विधायक कोठारी ने कहा कि आने वाले समय में भी राज्य सरकार के सहयोग से अस्पताल में रिक्त पड़े अन्य पदों पर चिकित्सकों एवं आवश्यक चिकित्सा स्टाफ की नियुक्ति के प्रयास जारी रहेंगे, ताकि भीलवाड़ा के मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध हो सकें।

विधायक अशोक कुमार कोठारी ने इन महत्वपूर्ण नियुक्तियों के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य सरकार के सहयोग से भीलवाड़ा की चिकित्सा व्यवस्था को लगातार मजबूत किया जा रहा है।

# बनास नदी उफान पर, रड़ा-ककरोलिया घाटी पुलिया पर तेज बहाव

## पुलिया पर पानी होने से आवागमन प्रभावित, पुलिस ने राहगीरों को किया सतर्क

**भीलवाड़ा फोकस @ काछोला।**



क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश के चलते बनास नदी का जलस्तर बढ़ गया है। रड़ा-ककरोलिया घाटी मार्ग स्थित बनास नदी की पुलिया पर पानी का तेज बहाव होने से आवागमन प्रभावित होने की स्थिति बन गई है। पुलिया से गुजरने वाले वाहन चालकों और राहगीरों के लिए खतरा बढ़ गया है।

पुलिया पर तेज बहाव की सूचना के बाद काछोला थाना पुलिस ने आमजन को सतर्क रहने की अपील की। थाना प्रभारी नरेश शर्मा ने कहा कि पुलिया के ऊपर पानी बहने की स्थिति में किसी भी तरह का जोखिम नहीं उठाएं और पानी कम होने तक पुलिया पार करने का प्रयास नहीं करें। उन्होंने बताया कि बारिश के दौरान नदी और पुलिया पर पानी का बहाव अचानक बढ़ सकता है। ऐसे में पानी की गहराई और बहाव का अंदाजा लगाना मुश्किल होता है। तेज धार में वाहन या व्यक्ति के बहने का खतरा रहता है। इसलिए लोग सुरक्षित स्थान पर रुकें और वैकल्पिक मार्ग का उपयोग करें।

**नदी के आसपास नहीं जाएं**

थाना प्रभारी ने ग्रामीणों से नदी और पुलिया के आसपास अनावश्यक रूप से नहीं जाने की अपील की। साथ ही बच्चों और युवाओं को भी नदी के पास जाने से रोकने की बात कही। पुलिस ने लोगों से बारिश के दौरान सावधानी बरतने और प्रशासन की सलाह का पालन करने की अपील की है।

# सर्वोदय ही ध्येय, सामर्थ्य का उपयोग सबके मंगल में हो : युवाचार्य महेन्द्र ऋषिजी

## आज 1008 आयंबिल तप के साथ मनेगी आचार्य आनंद ऋषिजी की 126वीं जन्मजयंती





**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

**(पुनित चपलोत)।** श्रमणसंघीय युवाचार्य महेन्द्र ऋषिजी ने कहा कि सर्वोदय ही जीवन का ध्येय होना चाहिए। पुण्य के साथ मिले सामर्थ्य की सार्थकता तभी है, जब उसका उपयोग केवल स्वयं के लिए नहीं, बल्कि सबके मंगल के लिए किया जाए। उन्होंने बुधवार को शांतिभवन में नवदिवसीय आनंद जन्मोत्सव के तहत आयोजित धर्मसभा में आचार्य आनंद ऋषिजी के जीवन प्रसंगों का उल्लेख करते हुए यह बात कही।

युवाचार्यश्री ने कहा कि महापुरुष आत्मकल्याण के साथ लोकमंगल को भी जीवन का उद्देश्य बनाते हैं। कई बार व्यक्ति अच्छे कार्य करता है, लेकिन सफलता नहीं मिलती, जबकि गलत कार्य करने वाला सफल दिखाई देता है। ऐसे में सही कार्य के साथ साहस और पुरुषार्थ जरूरी है। भय और संकोच व्यक्ति की क्षमता को सीमित कर देते हैं। परिस्थितियां प्रतिकूल होने पर भी सही दिशा में आगे बढ़ने का साहस ही पुरुषार्थ को परिणाम तक पहुंचाता है। उन्होंने कहा कि पुण्य हो तो मिट्टी भी सोना बन जाती है और पुण्य न हो तो सोना भी कोयला बन जाता है। जीवन में मिले साधन और अनुकूल परिस्थितियां सफलता की गारंटी नहीं हैं। इनके सदुपयोग के लिए पुरुषार्थ और सही दिशा के लिए विवेक व संस्कार जरूरी हैं।

**सामर्थ्य को बनाया लोकमंगल का माध्यम**

युवाचार्यश्री ने आचार्य आनंद ऋषिजी के जीवन का उल्लेख करते हुए कहा कि उनके पास आया सामर्थ्य व्यक्तिगत सुविधा तक सीमित नहीं रहा। उन्होंने उसे संघ और साधर्मिक समाज की आवश्यकताओं से जोड़ा। आयंबिल आराधना के लिए आयंबिल खाते की व्यवस्था, धार्मिक शिक्षा के लिए पाठशाला एवं परीक्षा बोर्ड तथा साधु-साध्वी शिक्षण निधि इसके उदाहरण हैं। साधर्मिकों की सहायता और चिकित्सा सुविधा का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि आनंद ऋषिजी आवश्यकता को पहचानकर उसके स्थायी समाधान की दिशा में प्रेरणा देते थे। आनंद ऋषि हॉस्पिटल भी इसी लोकमंगल की भावना का परिणाम है। उनके लिए सेवा किसी व्यक्ति विशेष तक सीमित नहीं थी, बल्कि जहां आवश्यकता हो वहां सहायता पहुंचाना ही उद्देश्य था।

**तपस्वियों का किया अभिनंदन**

धर्मसभा में साध्वी सोम्याश्रीजी ने 21 उपवास और साध्वी नाव्याश्रीजी ने 10 उपवास के प्रत्याख्यान ग्रहण किए। बड़ी संख्या में तपस्वी भाई-बहनों ने भी युवाचार्यश्री से तीन उपवास, दो उपवास और आयंबिल सहित विभिन्न तप के प्रत्याख्यान ग्रहण किए।

साध्वी द्वय की तपस्या के उपलक्ष्य में शांति जैन महिला मंडल की ओर से शांतिभवन में चौबीसी भावा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें शहर के विभिन्न महिला मंडलों की महिलाओं ने भाग लेकर मंगल गीतों के माध्यम से तपस्या की अनुमोदना की। कार्यक्रम में यशोदिप्ती मधुकंवरजी, उपप्रवर्तिनी दिव्य ज्योतिजी, महासती सुचेताजी, साध्वी प्रियदर्शनाजी सहित साध्वीवृंद का सान्निध्य रहा।

**1008 आयंबिल तप से मनेगी जन्मजयंती**

श्रीसंघ के मंत्री नवरतनमल भलावत ने बताया कि गुरुवार को आचार्य आनंद ऋषिजी महाराज की 126वीं जन्मजयंती 1008 आयंबिल तप एवं तीन-तीन सामायिक के साथ मनाई जाएगी। 15 अगस्त को विशेष प्रवचन और बच्चों की फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता आयोजित होगी। वहीं 16 अगस्त को दोपहर में बच्चों के लिए 'मन की बात युवाचार्यश्री के साथ' कार्यक्रम रखा गया है।

# शताब्दी वर्ष में हरियाली का संकल्प, मॉडल स्कूल में रोपे पौधे

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा**



**(मूलचंद पेसवानी)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में युवा आधारित कार्यक्रम के तहत बुधवार को स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल में पौधारोपण कार्यक्रम हुआ। युवाओं, शिक्षकों और अतिथियों ने विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए और उनके संरक्षण का संकल्प लिया।

मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी डॉ. सत्यनारायण कुमावत ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने विद्यार्थियों से लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल कर उन्हें वृक्ष बनाने का आह्वान किया। नगर संघ चालक कन्हैयालाल वर्मा और सेवानिवृत्त प्राचार्य जयदेव जोशी ने भी पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर विचार रखे। कार्यवाहक प्रधानाचार्य राजेश कुमार धाकड़ ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. परमेश्वर प्रसाद कुमावत ने किया। इस दौरान विद्यालय स्टाफ सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे।

## QUICK BITES

### गेणोली-बिहारीपुरा मार्ग पर बारिश से जलभराव, रास्ता हुआ बंद

**भीलवाड़ा फोकस @ गेणोली।**



मांडलगढ़ क्षेत्र के गेणोली, दोलजी का खेड़ा और बिहारीपुरा में बुधवार शाम करीब एक घंटे तक तेज बारिश हुई। अचानक हुई बारिश से सड़कों पर पानी भर गया और गेणोली-दोलजी का खेड़ा-बिहारीपुरा मार्ग पर जलभराव होने से आवागमन प्रभावित हो गया। मार्ग बंद होने से दोपहिया वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

करीब एक घंटे तक हुई तेज बारिश से क्षेत्र की सड़कें जलमग्न हो गईं। वहीं खेतों में अगेती बोई गई खरीफ की फसलों को बारिश से राहत मिली। मक्का, ज्वार, बाजरा, चावल, मूंगफली और कपास की फसलों के लिए बारिश को अमृत के समान माना जा रहा है। बारिश के बाद किसानों के चेहरे खिल उठे और अच्छी फसल की उम्मीद बढ़ गई।

### गोवटा बांणमाता मंदिर के दानपात्र से निकले 7.42 लाख रुपए

**भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़ ।**



गोवटा बांध स्थित श्री बाणमाता शक्ति पीठ विकास संस्थान के मंदिर का दानपात्र बुधवार को अमावस्या के शुभ अवसर पर खोला गया। दानपात्र से कुल 7 लाख 42 हजार 559 रुपए की राशि प्राप्त हुई।

दानपात्र खोलने की प्रक्रिया मंदिर समिति के सदस्यों और गणमान्य लोगों की मौजूदगी में संपन्न हुई। समिति के अनुसार प्राप्त राशि का उपयोग मंदिर के विकास एवं जनकल्याण से जुड़े कार्यों में किया जाएगा।

इस दौरान संस्थान अध्यक्ष अशोक कुमार शर्मा, कोषाध्यक्ष कन्हैया लाल धाकड़, गोपाल जाट, रमेश धाकड़, कैलाश तेली, मोहन लाल धाकड़, शंभू लाल गहलोत, बालू सिंह, धर्मचंद जैन, लादू लाल कुमावत, भगत सिंह, हीरालाल धाकड़, छितर लाल सुथार, खान्ना धाकड़, धन्ना कुमावत, प्रदीप पोरवाल सहित श्रद्धालु मौजूद रहे।

### विंध्यवासिनी शक्ति पीठ संस्थान की बैठक, विकास कार्यों पर हुई चर्चा

#### दानपात्र से निकले 99 हजार 600 रुपए, मंदिर विकास में खर्च होगी राशि

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**



**शुभम ।** कस्बे में बुधवार को विंध्यवासिनी शक्ति पीठ संस्थान की बैठक अध्यक्ष छीतर लाल कुम्हार की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मंदिर एवं संस्थान के विकास से जुड़े विभिन्न प्रस्तावों पर चर्चा कर निर्णय लिए गए।

इस दौरान मंदिर का दानपात्र भी खोला गया। कोषाध्यक्ष शक्ति नारायण शर्मा ने बताया कि दानपात्र से 99 हजार 600 रुपए की राशि प्राप्त हुई। राशि का उपयोग संस्थान के विकास कार्यों में किया जाएगा।

बैठक में बालमुकुंद गौड़, गोपाल सोनी, कैलाश गौड़, मोहन अहीर, ओम तेली, मोहन मालवीय, कपिल सोनी, मुकेश तिवारी, जीतू, बाबूलाल नायक, लादू अहीर सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

### हरियाली राजस्थान अभियान: राजकीय आयुर्वेद औषधालय बनका खेड़ा में हुआ पौधारोपण

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**



**( सांवर वैष्णव ):-** राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे 'हरियाली राजस्थान अभियान' के तहत बुधवार को आयुष्मान आरोग्य मंदिर ( राजकीय आयुर्वेद औषधालय ) बनका खेड़ा परिसर में उत्साहपूर्वक पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया । आयुर्वेद औषधालय परिसर को हरा-भरा बनाने और औषधीय पौधों के संरक्षण एवं संवर्धन के उद्देश्य से यह पौधारोपण किया गया । वर्तमान में औषधालय की हर्बल वाटिका में लगभग 35 विभिन्न प्रकार के औषधीय पौधे लहलहा रहे हैं । इनमें प्रमुख रूप से शतावरी, अर्जुन, पारस पीपल, तुलसी, कालमेघ, बहेड़ा, सहजन, अमलतास और हड़जोड़ जैसे बहुउपयोगी औषधीय पौधे शामिल हैं । औषधालय प्रशासन के अनुसार, इन पौधों का उपयोग न केवल पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए किया जा रहा है, बल्कि स्थानीय नागरिकों एवं मरीजों को पारंपरिक औषधीय पौधों के महत्व और उनके स्वास्थ्य लाभों के प्रति जागरूक करने के लिए भी यह हर्बल वाटिका विशेष रूप से विकसित की गई है । कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने रोपे गए पौधों की नियमित देखभाल और सुरक्षा का संकल्प लिया ।।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।